मतलब | by Kumar Vaibhav

हमें दुनिया से क्या लेना हमें बस श्याम से मतलब
क्यूँ भटके दर बदर हम तो, है खाटू धाम से मतलब

ज़माना मतलबी एक दूसरे के वास्ते होगा
मतलबी हम भी हैं लेकिन, है अपने काम से मतलब
हमें दुनिया से क्या लेना.....

हो सच्ची बात या झूठी फर्क कोई नहीं पड़ता
छलकता प्रेम भक्ति रस हमें उस जाम से मतलब
हमें दुनिया से क्या लेना.....

मुसीबत कितनी आ जाए धैर्य छूटे नहीं अपना
मिले इज़्ज़त से दो रोटी है उसके दाम से मतलब
हमें दुनिया से क्या लेना.....

कठिनता से शरण वैभव मिली है खाटू वाले की
जहाँ तक निभ सके अपनी, है उस अंजाम से मतलब
हमें दुनिया से क्या लेना.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a4%e0%a4%b2%e0%a4%ac-by-kumar-vaibhav/